Adda247 GET IT ON Google Play

सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

Test Date	03/11/2026
Test Time	12:30 PM - 1:30 PM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 एक व्यक्ति कुछ समय के लिए 37 km/hr की चाल से और उतने ही समय के लिए 58 km/hr की चाल से यात्रा करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 48 km/hr
- ✗ B. 45.5 km/hr
- ✓ C. 47.5 km/hr
- ✗ D. 42 km/hr

Q.2 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 12 का संबंध 48 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 14 का संबंध 56 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 23 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ A. 98
- ✓ B. 92
- ✗ C. 82
- ✗ D. 88

Q.3 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. NK–GD
- ✗ B. IF–BY
- ✓ C. TQ–LL
- ✗ D. LI–EB

Q.4 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

OLH–LIE
EBX–BYU

Ans
- ✗ A. TPK–PMI
- ✗ B. TQM–PNI
- ✓ C. TQM–QNJ
- ✗ D. TPK–QNJ

Q.5 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का निर्देश देता है?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 43
- ✗ B. अनुच्छेद 48
- ✗ C. अनुच्छेद 44
- ✗ D. अनुच्छेद 40

Test Prime By Adda247

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.



1,50,000+ Mock Tests

25,000+ Previous Year Papers

800+ Exam Covered

500% Refund on Selection

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

- Safe & Reliable
- Trusted by Lakhs of Aspirants
- Your Success, Our Mission

DOWNLOAD TEST PRIME

Your Success Partner!

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Shreya, SBI PO


Sahil, SBI PO


Srijita, SBI PO


Vikram, IBPS PO


Neeti, IBPS PO


Arya, IBPS PO


Hasan, SSC CGL


Palak, SSC CGL


Priti, UP TGT


Aniket, Bihar Stet


Shaurya, NTPC


Sarita, CTET


Gourav, NTPC


Sanni, NTPC


Abhishek, CTET


Sapna, IBPS Clerk

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.6 एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 500 Hz है और यह 340 मीटर प्रति सेकंड की चाल से यात्रा करती है। यदि आवृत्ति को घटाकर 250 Hz कर दिया जाए, और चाल अपरिवर्तित रहे, तो तरंगदैर्घ्य क्या होगा?

Ans
✗ A. यह समान रहेगा।
✗ B. यह शून्य हो जाएगा।
✓ C. यह दोगुना हो जाएगा।
✗ D. यह आधा हो जाएगा।

Q.7 दिया गया है कि $75^{0.58} = x$, $75^{0.76} = y$ और $x^z = y^9$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए। (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)

Ans
✗ A. 13
✗ B. 14
✓ C. 12
✗ D. 11

Q.8 कोई नल किसी टैंक को 6 घंटे में भरता है। एक अन्य नल भरे हुए टैंक को 12 घंटे में खाली कर देता है। यदि टैंक शुरू में खाली है और दोनों नल एक-साथ चालू किए जाते हैं, तो टैंक का तीन-चौथाई हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✓ A. 9
✗ B. 18
✗ C. 36
✗ D. 27

Q.9 केशव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 11 km ड्राइव करता है, फिर से बाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 16 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़कर 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ A. 5 km दक्षिण की ओर
✗ B. 4 km दक्षिण की ओर
✗ C. 3 km उत्तर की ओर
✗ D. 4 km उत्तर की ओर

Q.10 किसी दुकानदार ने ₹75,000 में छह एक जैसे मोबाइल फोन खरीदे। उसने उनमें से दो को ₹66,000 में बेच दिया। बेचे गए दो मोबाइल फोन पर उसका लाभ प्रतिशत कितना था?

Ans
✗ A. 165%
✗ B. 166%
✗ C. 167%
✓ D. 164%

Q.11 निम्नलिखित वर्गीकृत आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

वर्ग अंतराल	15-23	23-31	31-39	39-47	47-55
बारंबारता	3	7	10	6	4

Ans
✗ A. 28
✗ B. 36
✓ C. 35
✗ D. 24

Q.12 एक त्रिभुज की भुजाओं की लंबाई 10 यूनिट, 9 यूनिट और x यूनिट हैं। x का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए त्रिभुज का क्षेत्रफल अधिकतम हो।

Ans
✗ A. $\sqrt{161}$
✗ B. $\sqrt{151}$
✓ C. $\sqrt{181}$
✗ D. $\sqrt{171}$

Q.13 यदि $4x + 5y = 174$ है और $\frac{3x}{2y} = \frac{12}{11}$ है, तो $y^2 - x^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 228
- ✘ B. 208
- ✘ C. 154
- ✘ D. 168

Q.14 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) Y Z T G N K E B A P L O Y U N E O B F V T K S A O D X (दाएं)
शृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ A. छह
- ✘ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✔ D. पांच

Q.15 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
39 - 273 - 278 - 277
30 - 210 - 215 - 214

Ans
- ✘ A. 16 - 114 - 121 - 120
- ✘ B. 10 - 82 - 87 - 86
- ✘ C. 1 - 8 - 13 - 14
- ✔ D. 27 - 189 - 194 - 193

Q.16 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
6 16 46 136 406 ?

Ans
- ✘ A. 1218
- ✘ B. 1220
- ✘ C. 1214
- ✔ D. 1216

Q.17 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 D 8 B 12 A 6 C 34 = ?

Ans
- ✘ A. 45
- ✔ B. 43
- ✘ C. 41
- ✘ D. 44

Q.18 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GLOW' को '5928' के रूप में और 'LOWS' को '2894' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' का कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 5
- ✘ C. 9
- ✔ D. 4

Q.19 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 18 का संबंध 325 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 6 का संबंध 37 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 17 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✔ A. 290
- ✘ B. 288
- ✘ C. 291
- ✘ D. 292

Q.20 चुंबकीय क्षेत्र की आपेक्षिक प्रबलता को _____ की कोटि द्वारा दर्शाया जाता है।

Ans
✗ A. लौह चूर्ण के रंग
✗ B. शामिल ध्रुवों की संख्या
✓ C. क्षेत्र रेखाओं की निकटता
✗ D. क्षेत्र रेखाओं की लंबाई

Q.21 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है तथा 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 B 2 D 6 A 2 C 3 = ?

Ans
✗ A. 4
✓ B. 2
✗ C. 3
✗ D. 5

Q.22 आनंद, अरविंद और नवदीप एक साझेदारी करते हैं, और 8 : 10 : 9 के अनुपात में निवेश करते हैं। व्यापार सत्र के अंत में, वे अपने कुल लाभ को 10 : 11 : 15 के अनुपात में बांटते हैं। उनके द्वारा किए गए निवेश की अवधि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 85 : 66 : 100
✓ B. 75 : 66 : 100
✗ C. 75 : 66 : 90
✗ D. 75 : 76 : 100

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से EHFJ का संबंध FIGK से है। उसी तरीके से WZXB का संबंध XAYC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ADBF का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
✗ A. BEBG
✓ B. BECG
✗ C. BFBI
✗ D. BDBG

Q.24 150 वर्ग सेंटीमीटर के कुल दृश्य पृष्ठीय क्षेत्रफल वाली एक घनाकार कलाकृति का निर्माण किया जाना है। यदि घन के केवल तीन फलक ही दृश्य हों, तो घन के कोर की लंबाई (सेंटीमीटर में) क्या होनी चाहिए?

Ans
✗ A. $7\sqrt{2}$
✗ B. $2\sqrt{5}$
✓ C. $5\sqrt{2}$
✗ D. 5

Q.25 P, Q, R, S और T को भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त हुए हैं। केवल दो व्यक्तियों को S से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। P को T से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं लेकिन R से कम अंक प्राप्त हुए हैं। Q को सबसे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं।
किसने दूसरे सबसे अधिक अंक प्राप्त किए?

Ans
✓ A. R
✗ B. T
✗ C. P
✗ D. S

Q.26 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sqrt{\sec^2 A-1}}{1-\cot A}+\frac{\sqrt{\operatorname{cosec}^2 A-1}}{1-\tan A}-1-\sqrt{\sec^2 A-1}-\sqrt{\operatorname{cosec}^2 A-1}+4(\sec^2 A-\tan^2 A)$$

Ans
✓ A. 4
✗ B. 3
✗ C. tan A
✗ D. tan A + cot A

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से AROW का संबंध HYVD से है। उसी तरीके से, CTQY का संबंध JAXF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, XOLT का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. ESQW
- ✗ B. EASW
- ✓ C. EVSA
- ✗ D. EXCD

Q.28 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) F & R T @ J Y C * S # U K L P $ B M (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.29 एक दुकानदार ₹50 प्रति kg और ₹70 प्रति kg मूल्य वाले चावल की दो किस्मों को 3:2 के अनुपात में मिलाता है। यदि मिश्रण को ₹66 प्रति kg की दर से बेचा जाता है, तो लाभ प्रतिशत क्या है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✓ A. 13.79%
- ✗ B. 15.62%
- ✗ C. 10.48%
- ✗ D. 8.23%

Q.30 माना कि x एक वास्तविक संख्या है और $\text{Sin A} = \frac{x}{\sqrt{x^2+1}}$, $\tan B = \frac{\sqrt{x^2+2}}{x}$ है। यदि $\text{Sec}^2 A + \text{Cosec}^2 B = \frac{85}{36}$ हो, तो $32x^4+5$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 9.6
- ✓ C. 7
- ✗ D. 11

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
BSP 13, DPR 21, FMT 29, HJV 37, ?

Ans
- ✗ A. KHW 41
- ✓ B. JGX 45
- ✗ C. HGY 43
- ✗ D. GHX 43

Q.32 खाद्य श्रृंखलाओं में सामान्यतः केवल तीन या चार चरण क्यों होते हैं?

Ans
- ✗ A. मांसाहारी की तुलना में शाकाहारी की संख्या अधिक होती है
- ✓ B. प्रत्येक पोषी स्तर पर ऊर्जा का काफी ह्रास होता है
- ✗ C. पारिस्थितिकी तंत्र में केवल कुछ ही प्रजातियां मौजूद होती हैं
- ✗ D. उत्पादक पर्याप्त भोजन नहीं बना पाते हैं

Q.33 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35, 39, 47, 59, 75, ?

Ans
- ✗ A. 94
- ✓ B. 95
- ✗ C. 97
- ✗ D. 96

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.34 तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया होने पर कौन-सी गैस मुक्त होती है?

Ans
- ✗ A. हाइड्रोजन गैस मुक्त होती है
- ✗ B. क्लोरीन गैस मुक्त होती है
- ✗ C. सल्फर डाइऑक्साइड मुक्त होती है
- ✓ D. कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त होती है

Q.35 द्विपद नामपद्धति में प्रजातियों का नाम ऐसे जीव समूहों को इंगित करता है, जो _____ संतान उत्पन्न करने में सक्षम होते हैं।

Ans
- ✗ A. शीत निष्क्रिय होकर
- ✗ B. प्रवास करके
- ✓ C. अंतःप्रजनन करके
- ✗ D. प्रतिस्पर्धा करके

Q.36 कालीन और पर्दों वाले कक्षाकक्ष की तुलना में, सादी दीवारों (bare walls) और टाइल लगे फर्श वाले कक्षाकक्ष में अधिक अनुरणन क्यों हो सकता है?

Ans
- ✗ A. बड़े कक्षों में सदैव अधिक अनुरणन होता है
- ✓ B. कठोर सतहें ध्वनि को अधिक परावर्तित (reflect) करती हैं, जिससे अनुरणन बढ़ता है
- ✗ C. मोटी दीवारें अधिक ध्वनि ट्रैप (trap) करती हैं, जिससे प्रतिध्वनि उत्पन्न होते हैं
- ✗ D. विद्यार्थियों के रव, कक्ष द्वारा प्रवर्धित (amplified) हो जाते हैं

Q.37 संख्याएं 27, 18, और 36 समानुपात में हैं। चतुर्थानुपाती कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 20
- ✗ B. 26
- ✗ C. 22
- ✓ D. 24

Q.38 संख्या 16611 निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य है?

Ans
- ✗ A. 42
- ✓ B. 49
- ✗ C. 55
- ✗ D. 54

Q.39 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
235 172 141 126 119 ?

Ans
- ✓ A. 116
- ✗ B. 121
- ✗ C. 115
- ✗ D. 120

Q.40 यदि उपकला ऊतक क्षतिग्रस्त हो जाए और अधःस्थ ऊतक (underlying tissues) अनावृत हो जाएं, तो इसका संभावित तत्कालिक परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. पदार्थों का वर्धित अवशोषण
- ✓ B. रोगाणुओं के प्रवेश और संक्रमण का अधिक जोखिम
- ✗ C. हार्मोन का अधिक स्राव
- ✗ D. क्षतिग्रस्त ऊतक का तत्काल विरोहण

Q.41 यदि संख्या 678214 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. दो

Q.42 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
पांच छड़ियों, E, B, I, C और Q, में से प्रत्येक की लंबाई भिन्न-भिन्न है, तो कौन-सी छड़ी सबसे लंबी है?

कथन:
(I) E, B से छोटी है लेकिन I से लंबी है।
(II) I, C से लंबी है लेकिन Q से छोटी है।

Ans
✔ A. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✘ B. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ C. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✘ D. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.43 एक फ्रीलांसर अपनी मासिक आय का 72% खर्च कर देता है और शेष राशि की बचत करता है। यदि उसकी मासिक आय ₹25,000 है, तो वह प्रति माह कितनी बचत (₹ में) करता है?

Ans
✘ A. 6,500
✔ B. 7,000
✘ C. 8,000
✘ D. 7,500

Q.44 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पांच छड़ियों, K, S, P, H और T में से प्रत्येक की लंबाई भिन्न-भिन्न है, तो कौन-सी छड़ी सबसे लंबी है?

कथन:
(I) K, H से लंबी है लेकिन T से छोटी है। K केवल एक छड़ी से छोटी है।
(II) H, S से लंबी है।

Ans
✔ A. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ B. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ C. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
✘ D. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

Q.45 यदि शब्द HARMFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार निर्मित नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होंगे?

Ans
✔ A. 4
✘ B. 7
✘ C. 5
✘ D. 3

Q.46 टोनी और क्रिस की वर्तमान आयु का योगफल 20 वर्ष है। अब से चार वर्ष पूर्व, क्रिस की आयु उस समय टोनी की आयु की आधी थी। वर्तमान में टोनी की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 5
✘ B. 2
✘ C. 17
✔ D. 12

Q.47 यदि '+' और '–' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 ÷ 14 – 13 + 120 × 5 = ?

Ans
✘ A. 115
✔ B. 157
✘ C. 129
✘ D. 189

Q.48 एक कार के रेडिएटर में 62% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 33% एंटीफ्रीज वाला 13 लीटर विलयन है। 62% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 97% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
✗ A. 13.29
✓ B. 10.77
✗ C. 14.64
✗ D. 7.76

Q.49 एक दुकानदार अपने माल को क्रय मूल्य से एक निश्चित प्रतिशत अधिक पर अंकित करता है। अंकित मूल्य पर 15% की छूट देने के बाद, उसे 5% का लाभ प्राप्त होता है। उसने अपने माल का मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक अंकित किया? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✗ A. 17.04%
✗ B. 20.28%
✓ C. 23.53%
✗ D. 30.37%

Q.50 ₹10,000 की राशि 10% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए निवेश की जाती है। 2 वर्षों के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच कितना अंतर है?

Ans
✗ A. ₹200
✓ B. ₹100
✗ C. ₹150
✗ D. ₹50

Q.51 यदि शब्द FORGETS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
✗ A. 1
✗ B. 3
✓ C. 0
✗ D. 2

Q.52 किसी कंपनी में, 16 सदस्यों वाली एक टीम के सदस्यों की औसत आयु 40 वर्ष है, जबकि 4 सदस्यों वाली एक अन्य टीम के सदस्यों की औसत आयु 30 वर्ष है। सभी 20 सदस्यों की संयुक्त औसत आयु ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 40 वर्ष
✓ B. 38 वर्ष
✗ C. 34 वर्ष
✗ D. 36 वर्ष

Q.53 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 594 247 578 426 947 (दाएं)
(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6 है, दूसरा अंक = 9 है, और तीसरा अंक = 7 है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ A. 6
✓ B. 14
✗ C. 18
✗ D. 10

Q.54 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GEAR' को '7543' के रूप में और 'REAP' को '3257' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'P' का कूट क्या है?

Ans
✗ A. 3
✓ B. 2
✗ C. 4
✗ D. 7

Q.55 सात बॉक्स, C, D, E, F, X, Y और Z, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। X के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और X के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और C के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए है। C को X के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। E को C के ठीक नीचे रखा गया है। Z को D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। Y को F के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। किस बॉक्स को सबसे निचले स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✔ A. D
- ✘ B. C
- ✘ C. X
- ✘ D. Y

Q.56 नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

EFG10 FHI12 GJK14 HLM16 ?

Ans
- ✔ A. INO18
- ✘ B. JNO18
- ✘ C. IMO18
- ✘ D. JMO18

Q.57 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

OAK JOE FED IMP

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✘ A. दो
- ✔ B. एक
- ✘ C. तीन
- ✘ D. चार

Q.58 ₹5,000 की धनराशि एक सावधि जमा खाते में 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 3 वर्षों के लिए जमा की जाती है जबकि ब्याज, अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है। परिपक्वता धनराशि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) कितनी होगी?

Ans
- ✘ A. ₹6,100
- ✘ B. ₹5,940
- ✘ C. ₹6,050
- ✔ D. ₹5,970

Q.59 $PQ \parallel RS$ और AB एक तिर्यक् छेदी रेखा है, जो PQ को X पर तथा RS को Y पर स्पर्श करती है। यदि $\angle PXA = 120^\circ$ है, तो $\angle PXY$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 120°
- ✔ B. 60°
- ✘ C. 90°
- ✘ D. 30°

Q.60 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

COX VIE IRE HOD

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, एक भी स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✘ A. दो
- ✔ B. तीन
- ✘ C. एक
- ✘ D. चार

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. YBE
✗ B. TWZ
✗ C. EHK
✓ D. FLI

Q.62 शब्द TRASHED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, बाएं से तीसरा होगा?

Ans
✓ A. B
✗ B. R
✗ C. Q
✗ D. G

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'card log data' को 'sw dr ej' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'royal card ant' को 'dr wq og' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'card' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✓ A. dr
✗ B. wq
✗ C. ej
✗ D. sw

Q.64 L, M, N, O, G, H और I में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह अलग-अलग दिन है। M के बाद केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। O और M के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। M से पहले O की परीक्षा है। N और O के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। L की परीक्षा O के बाद किसी दिन है। H की परीक्षा G से ठीक पहले है। G और L के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ A. चार
✗ B. एक
✗ C. तीन
✓ D. दो

Q.65 मई 2026 में, केरल आधारित फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप ने भारत का पहला स्वदेशी AI सिस्टम-ऑन-चिप (SoC) लॉन्च किया, जिसे स्मार्ट सर्विलांस कैमरा, एज AI बॉक्स और वीडियो गेटवे के लिए डिजाइन किया गया है?

Ans
✗ A. माइंडग्रोव टेक्नोलॉजीज (Mindgrove Technologies)
✗ B. इनकोर सेमीकंडक्टर्स (InCore Semiconductors)
✗ C. सांख्य लैब्स (Saankhya Labs)
✓ D. नेट्रासेमी (Netrasemi)

Q.66 B, E, G, R, U और V एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। U, विषम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 3 पर नहीं रहता है। U और E के तलों के क्रमांकों का योगफल 7 है। G, B के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। V सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है। B से नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ A. 4
✗ B. 2
✗ C. 1
✓ D. 3

Q.67 एक बेलनाकार स्तंभ का व्यास 140 cm है और इसकी ऊंचाई 50 m है। ₹17 प्रति m^2 की दर से स्तंभ के वक्र पृष्ठ को पेंट कराने की लागत ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
✓ A. ₹3,740
✗ B. ₹3,786
✗ C. ₹3,697
✗ D. ₹3,761

Q.68 अनिल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 7 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़कर 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुकता है। वापस बिंदु A पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न हों, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✗ A. 4 km दक्षिण की ओर
✗ B. 2 km दक्षिण की ओर
✓ C. 5 km दक्षिण की ओर
✗ D. 3 km दक्षिण की ओर

Q.69 $\frac{3.8^4 - 4.9^4}{3.8^2 + 4.9^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 1.18
✗ B. -7.56
✗ C. 8.75
✓ D. -9.57

Q.70 आठ मित्र, E, F, G, H, I, J, K और L, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
K, J के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
I, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
K और I का निकटतम पड़ोसी F है।
G, H के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।

L के सापेक्ष E का स्थान क्या है?

Ans
✗ A. दाईं ओर चौथा
✓ B. दाईं ओर तीसरा
✗ C. दाईं ओर दूसरा
✗ D. बाईं ओर तीसरा

Q.71 सात व्यक्ति पीहू, कुनूर, रीता, सिया, टीना, उमेश और विवेक - एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। उमेश, सिया के दाएं दूसरे स्थान पर तथा कुनूर के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। विवेक, कुनूर के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। पीहू, टीना के दाएं दूसरे स्थान पर बैठी है। टीना के बाएं से गिनने पर, सिया और टीना के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. एक
✗ B. तीन
✗ C. एक भी नहीं
✓ D. दो

Q.72 गर्म क्षारीय $KMnO_4$ की उपस्थिति में, एथेनॉल ऑक्सीकृत होकर _____ का निर्माण करता है।

Ans
✗ A. एथिल ऐसीटेट (Ethyl acetate)
✗ B. ऐथेनल (Ethanal)
✗ C. ऐसीटोन (Acetone)
✓ D. एथेनोइक अम्ल (Ethanoic acid)

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में, 'HVBN' को '46' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LAQJ' को '40' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'ITCR' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ A. 50
✗ B. 44
✗ C. 41
✗ D. 56

Q.74 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) B E H K M Z U X J C A P D F W J I V N U R O Y (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
✗ A. तीन
✓ B. एक
✗ C. एक भी नहीं
✗ D. दो

Test Prime By Adda247

PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly



ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.

Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME

Test Prime

SUCCESS GALLERY!

MEET THE ACHIEVERS


Kunal, RRB JE


Shivam, UPSSSC AGTA


Priya, ANM


KHALILUR, LDA


Manoj , PWD


Atin, JENPAS


Shatarupa, OPSC


Arpita, JENPAS


Shital, SSC JE (Mech)


Nancy, UGC NET


Atul, SSC JE (ELCT)


Rahul, SSC JE (CIVIL)


Anand, SSC JE (ELCT)


Mohan, SSC JE (ELCT)


Saurabh, UGC NET


Ved, SSC JE (Mech)

THEY DID IT. YOU CAN TOO

READ THEIR STORIES !

Q.75 एक व्यक्ति ने 4 वर्षों के लिए 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,500 का निवेश किया। 4 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 72,060
- ✗ B. 70,600
- ✗ C. 72,600
- ✓ D. 70,060

"